Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Bangaon Parliamentary Constituency, West Bengal-laid.

श्री शान्तनु ठाकुर (बनगांव): मैं पहले उन लोगों के प्रति साधुवाद करता हूँ जिन्होंने इस वैश्विक महामारी में अपने साथ दूसरे लोगों को अपने अपने योग्यता अनुसार मदद कर के कोरोना वारीयर बने हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र की आबादी लगभग 16 लाख है यहां के युवक-युवती काफी प्रतिभा और रचनात्मक सोच से भरे हुए हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के अन्तर्गत नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से आने वाले देश का भविष्य एक नयी ऊर्जा और नयी किरण के साथ उभरता हुआ दिखेगा । इस वजह से यह माना जा सकता है कि बनगाँव लोक सभा के अंतर्गत यहां के नवयुवक छात्र और छात्राएँ अपने क्षेत्र के साथ साथ देश में भी परचम लहरा सकते हैं।

इन छात्रों की प्रतिभा को देखते हुए मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि हमारे लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति प्रदान करें, क्योंकि इस क्षेत्र में गरीबी काफी है, जिसकी वजह से यहां के विद्यार्थी अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं।